PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Tuesday 2nd June 2015, Page: 12
Width: 14.09 cms, Height: 9.49 cms, a4, Ref: pmin.2015-06-02.40.156

सस्ती दवाओं की 1000 दुकानें खुलेंगी

▶ इन दुकानों पर बाजार से 70 फीसद तक कम दाम पर मिलेंगी दवाएं

नई दिल्ली (भाषा)। बाजार दरों से 60 से 70 फीसद कम दरों पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार जल्द ही देश भर में 1,000 और जन औषधि केंद्र खोलेगी।

'रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री हंसराज अहीर ने कहा कि इन दुकानों का नाम बदला जाएगा, इनकी नए सिरे से ब्रांडिंग की जाएगी और इस काम में बी.फार्मा और एम.फार्मा की योग्यता वाले बेरोजगार व्यक्तियों को लगाया जाएगा। उन्होंने एक बयान में कहा, 'ये दुकानें महंगी दवाओं से वंचित लोगों के लिए होंगी। इनमें दवाएं बाजार मूल्य से 60-70 प्रतिशत सस्ती मिलेंगी।' उन्होंने कहा कि जन औषधि योजना में 1000 दुकानें एक ही दिन खोलने का इरादा है।

यह योजना 2008 में शुरू की गई और अभी 100 स्टोर चल रहे हैं 12वीं योजना में 3000 और स्टोर खोलने का लक्ष्य रखा गया था।



- वर्ष 2008 में शुरू की गई थी जन औषधि केंद्र योजना
- इस योजना के तहत अब तक खुल सकी हैं सिर्फ 100 दुकानें
- एक ही दिन में 1000 दुकानें शुरू करने का है सरकार का इरादा
- जन औषधि केंद्रों पर मिलेंगी बी फार्मा और एम फार्मा प्रमाणपत्र धारकों को नौकरियां

जन औषधि